संपादकीय

महिलाओं के खिलाफ हिंसा पर राष्ट्र की चिंता

राष्ट्रपति को राष्ट्रीय विवेक का प्रतिनिधि समझा जाता है। इसलिए दलगत सोच से उठ कर इस पद का सम्मान किया जाता है। मगर भारत में सियासी और वैचारिक ध्रुवीकरण इतना तीखा हो चुका है, अब राष्ट्रपति को भी दलगत संदर्भों में देखा जाने लगा है।

राष्ट्रपति ने महिलाओं के खिलाफ हिंसा पर राष्ट्र की चिंता जताई है। द्रौपदी मुर्मू की इस बात से पूरा देश सहमत होगा कि देश में महिलाओं को कमजोर मानने की मानसिकता बनी हुई है। मुर्मू ने कहा- 'जो लोग ऐसी सोच रखते हैं, वे इससे भी आगे जाकर महिला को वस्तु मानने लगते हैं।' उनके इस आह्वान में भी सारा देश अपना स्वर मिलाएगा कि 'बेटियों की स्वतंत्रता की राह से रुकावटों को हटाना हमारी जिम्मेदारी है।' इसके बावजूद राष्ट्रपति के वक्तव्य पर जनमत के एक बड़े हिस्से में तीखी प्रतिक्रिया देखी गई, तो उसकी वजह है कि महामहिम ने अपनी इस व्यापक चिंता को कोलकाता के आरजी कर अस्पताल की बहुचर्चित घटना से जोड़ दिया। मुर्मू ने कहा- 'इस घटना से राष्ट्र आक्रोश में है और मैं भी हूं।' अब चूकि राष्ट्रपति ने अपनी चिंता को प्राथमिक रूप से कोलकाता की घटना से जोड़ा, तो लोगों का ध्यान सहज ही इस ओर चला गया कि उन्होंने वक्तव्य उसी रोज जारी किया, जिस दिन भारतीय जनता पार्टी ने इस वारदात को लेकर पश्चिम बंगाल बंद की अपील की हुई थी।

इसी का परिणाम हुआ कि विपक्षी दलों ने और सोशल मीडिया पर बड़ी संख्या में लोगों ने यह सवाल उठा दिया कि क्या राष्ट्रपति तक मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाने और उनसे यौन हिंसा करने, उत्तर प्रदेश में हुई महिला अत्याचार की वीभत्स घटनाओं, महाराष्ट्र के बदलापुर की वारदात आदि की खबर नहीं पहुंची थी? राष्ट्रपति ने अपने वक्तव्य को 'महिला सुरक्षा: अब हद हो गई है' शीर्षक दिया है। तो यह सवाल भी उठा है कि ये हद आखिर कब हुई- कोलकाता में ही ऐसा हुआ या राष्ट्रपति लगातार हो रही ऐसी सभी घटनाओं से आहत हैं? राष्ट्रपति को राष्ट्रीय विवेक का प्रतिनिधि समझा जाता है। इसलिए दलगत सोच से उठ कर इस पद पर बैठे व्यक्ति का सम्मान किया जाता है। मगर भारत में सियासी और वैचारिक ध्रुवीकरण इतना तीखा हो चुका है, अब राष्ट्रपति को दलगत संदर्भों में देखा जाने लगा है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि मुर्मू ने ऐसी धारणाओं को तोड़ने में कोई योगदान नहीं किया है।

भारत ने रचा इतिहास, पेरिस में 20वां मेडल जीतते ही टोक्यो पैदरालंपिक के रिकॉर्ड को किया ध्वस्त

नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने की पैरा-एथलीटों के शानदार प्रदर्शन की सराहना

पेरिस पैरालंपिक 2024 में भारत ने 20 मेडल जीतने के साथ ही इतिहास रच दिया है। पैरालंपिक में भारत ने अपने ही रिकॉर्ड को ध्वस्त कर दिया। टोक्यो पैरालंपिक 2021 में भारत ने कुल 19 मेडल जीते थे, जो कि अब तक के पैरालंपिक इतिहास में सबसे बेस्ट रिकॉर्ड रहा, लेकिन 3 सितंबर को भारत ने पैरालंपिक में 20 पदक जीतने के साथ ही टोक्यो पैरालंपिक के रिकॉर्ड को धराशायी किया, जो कि 3 साल पहले बना था। भारत ने (3 गोल्ड, 7 सिल्वर और 10 ब्रॉन्ज) अभी तक अपने नाम कर लिए हैं।

दरअसल, भारत ने टोक्यो पैरालंपिक में कुल 19 मेडल जीते थे, जो कि अभी तक के इतिहास का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा था, लेकिन 3 सितंबर 2024 को भारत ने 5 पदक जीतकर पदकों की संख्या को 20 तक पहुंचाया और इस दौरान भारत ने अपने ही टोक्यो पैरालंपिक के रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के पैरा-एथलीट मरियप्पन थंगावेलु, शरद कुमार, सुंदर सिंह गुर्जर और अजीत सिंह को पेरिस पैरालंपिक में पदक जीतने के लिए बधाई दी।

शरद कुमार और मरियप्पन थंगावेलु ने पेरिस 2024 पैरालंपिक में मंगलवार को पुरुषों की ऊंची कूद टी63 वर्ग में क्रमश: रजत और कांस्य पदक जीते। शरद कुमार ने फाइनल में 1.88 मीटर की हाई जंप लगाई। यह उनका दूसरा पैरालंपिक पदक था। उन्होंने टोक्यो 2020 में 1.83 मीटर की दूरी के साथ कांस्य पदक जीता।

1.85 मीटर की ऊंचाई के साथ मरियप्पन थंगावेलु ने कांस्य पदक जीता। उन्होंने लगातार तीन खेलों में पदक जीतने वाले पहले भारतीय पैरा-एथलीट बनने की ऐतिहासिक उपलब्धि भी हासिल की। उन्होंने रियो 2016 में 1.89 मीटर की छलांग के साथ स्वर्ण पदक और टोक्यो 2020 में 1.86 मीटर के प्रयास के साथ रजत पदक जीता।

पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया, शरद कुमार ने पैरालंपिक 2024 में पुरुषों की हाई जंप टी63 में रजत पदक जीता! उनकी निरंतरता और उत्कृष्टता के लिए उनकी प्रशंसा की जाती है। उन्हें बधाई। वह पूरे देश को प्रेरित करते हैं।

प्रधानमंत्री ने एक अन्य पोस्ट में लिखा, पुरुषों की हाई जंप टी63 स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने पर मरियप्पन थंगावेलु को बधाई। यह सराहनीय है कि उन्होंने पैरालंपिक के लगातार तीन संस्करणों में पदक जीते हैं। उनका कौशल, निरंतरता और दृढ़ संकल्प असाधारण है। इससे पहले दिन में अजीत और सुंदर ने पुरुषों की भाला फेंक एफ46 श्रेणी में क्रमश: रजत और कांस्य पदक जीते।

प्रधानमंत्री ने एक पोस्ट में उन्हें बधाई देते हुए लिखा, सुंदर सिंह गुर्जर का शानदार प्रदर्शन। पैरालंपिक 2024 में पुरुषों की भाला फेंक एफ46 स्पर्धा में कांस्य पदक जीतना। उनका समर्पण और जोश लाजवाब है। इस उपलब्धि के लिए बधाई!

अजीत सिंह को बधाई देते हुए उन्होंने एक अन्य पोस्ट में लिखा, अजीत सिंह की अभूतपूर्व उपलब्धि। उन्होंने पैरालंपिक 2024 में पुरुषों की भाला फेंक एफ46 में रजत पदक जीता है। खेल के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और दृढ़ता ने भारत को गौरवान्वित किया है।

भारत ने अब तक 20 पदक जीते हैं, जो टोक्यो 2020 में उसके पिछले सर्वश्रेष्ठ 19 पदकों से अधिक है। भारत ने पैरालंपिक में कुल 50 पदकों का आंकड़ा भी पार कर लिया है; अब तक उसके कुल पदकों की संख्या 51 हो गई है।

स्टार्टअप पर जमकर दांव लगा रहे निवेशक, 2024 में 13 राउंड में मिली 100 मिलियन डॉलर से ज्यादा की फंडिंग

नई दिल्ली । भारतीय स्टार्टअप इस साल बड़ी फंडिंग यानी 100 मिलियन डॉलर से अधिक का निवेश जुटाने में कामयाब रहे हैं। इसकी वजह कंपनियों का ग्रोथ के साथ मुनाफे कमाने पर फोकस को माना जा रहा है जिसके निवेश स्टार्टअप पर जमकर दांव लगा रहे हैं। स्टार्टअप कंपनियों ने 2024 में अब तक 13 राउंड में 100 मिलियन डॉलर या उससे अधिक की फंडिंग जुटाई गई है। इनमें जेप्टो, रेपिडो, लेंसकार्ट, फ्लिपकार्ट, मीशो और फार्मईजी जैसी कंपनियों के नाम हैं। क्विक कॉमर्स कंपनी जेप्टो की ओर से 2024 में दो राउंड एक अरब डॉलर (340 मिलियन डॉलर+ 665 मिलियन डॉलर) की फंडिंग जुटाई गई है। कंपनी ने आखिरी 340 मिलियन डॉलर की फंडिंग 5 अरब डॉलर के वैल्यूएशन पर जुटाई थी। टैक्सी सर्विस उपलब्ध कराने वाली कंपनी रैपिडो की ओर से 200 मिलियन डॉलर की फंडिंग जुटाई गई है। कंपनी का ताजा वैल्यूएशन 1.1 अरब डॉलर है। आईवियर सेगमेंट में काम करने वाली कंपनी लेंसकार्ट की ओर भी 2024 में अब तक 200 मिलियन डॉलर की फंडिंग की जुटाई जा चुकी है।

बीसीबी अध्यक्ष, सीईओ ने महिला टी20 विश्व कप से पहले अमीरात बोर्ड के अध्यक्ष से की मुलाकात

नई दिल्ली

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के अध्यक्ष फारुख अहमद और सीईओ निजाम उद्दीन चौधरी, महिला टी20 विश्व कप से पहले अबू धाबी में अमीरात क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के अध्यक्ष नाहयान मबारक अल नाहयान से मिले।

मूल रूप से बांग्लादेश में होने वाला 2024 महिला टी20 विश्व कप, राजनीतिक अस्थिरता और सुरक्षा चिंताओं के कारण आईसीसी द्वारा 20 अगस्त को संयुक्त अरब अमीरात में स्थानांतरित कर दिया गया था। अब यह 23 मैचों का टूर्नामेंट 3 से 20 अक्टूबर तक दुबई और शारजाह में आयोजित किया जाएगा। बीसीबी टूर्नामेंट का मेजबान बना रहेगा, जबकि ईसीबी इसका आयोजन करेगा।

बीसीबी अध्यक्ष अहमद ने ईसीबी को धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि ईसीबी टूर्नामेंट का सफल आयोजन करेगा। उन्होंने कहा कि दोनों बोर्डों के बीच बहुत अच्छे संबंध हैं और वे टूर्नामेंट के आयोजन में ईसीबी और आईसीसी के साथ मिलकर काम करने के लिए तत्पर हैं।

प्रत्येक टीम दुबई और शारजाह में चार ग्रुप मैच खेलेगी। टूर्नामेंट में तीन डबल-हेडर मैच भी होंगे। दोपहर के खेल स्थानीय समयानुसार दोपहर 2 बजे शुरू होंगे, जबकि शाम के मैच शाम 6 बजे शुरू होंगे।

प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में प्रवेश करेंगी, जो 17 और 18 अक्टूबर को क्रमश: दुबई और शारजाह में खेले जाएंगे। इसके बाद 20 अक्टूबर को दुबई अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में फाइनल होगा। सेमीफाइनल और फाइनल दोनों के लिए एक रिजर्व दिन आवंटित किया गया है।

ईसीबी अध्यक्ष नाहयान ने कहा कि वे संयुक्त अरब अमीरात में आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के आयोजन से खुश हैं। उन्होंने कहा कि ईसीबी ने बार-बार अपनी मेजबानी क्षमताओं को साबित किया है और वे एक बार फिर विश्व स्तरीय आयोजन देने के लिए तैयार हैं। उन्होंने आईसीसी और बीसीबी को उनके विश्वास के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि वे सभी प्रतिभागियों का स्वागत करने और पूरे टूर्नामेंट में शीर्ष स्तर की क्रिकेट सुविधाएं प्रदान करने के लिए तत्पर हैं।

देश में और मजबूत होगा हाईवे नेटवर्क, बनेंगी 74 नई सुरंगें

नई दिल्ली

देश में हाईवे नेटवर्क को मजबूत करने के लिए केंद्र सरकार ने आने वाले वर्षों में 74 नई सुरंगें बनाने का फैसला किया है। इन प्रोजेक्ट्स की अनुमानित लागत करीब एक लाख करोड़ रुपये है।

सरकार की ओर से 15,000 करोड़ रुपये की लागत से 49 किलोमीटर लंबी 35 सुरंगें पहले ही बनाई जा चुकी हैं। अब सरकार 273 किलोमीटर की नई सुरंगें बनाने की तैयार कर रही है। केंद्रीय सडक़ परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि बीते कुछ वर्षों में देश में सुरंगों का नेटवर्क काफी मजबूत हुआ है। मौजूदा समय में 40,000 करोड़ रुपये की लागत से 134 किलोमीटर लंबी 69 के करीब सुरंगें बन रही हैं।

राष्ट्रीय राजधानी में फिक्की के टनलिंग इंडिया कॉन्फ्रेंस में मंत्री की ओर से कहा गया कि सरकार भारत 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में काम कर रही है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सडक़ों पर नागरिकों की सुरक्षा सबसे पहली प्राथमिकता है। वर्षा, भूस्खलन और बाढ़ से सडक़ों को बचाने के लिए लागत प्रभावी स्थायी समाधान की जरूरत है।

सरकार की ओर से काम की गुणवत्ता को सुधारने के लिए सुरंग और डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट्स (डीपीआर) बनाने के लिए बनाए गए ज्वाइंट वेंचर में 51 प्रतिशत विदेशी हिस्सेदारी की अनुमति दी है। गडकरी ने कहा, हमें ऐसे समाधान तलाशने होंगे जिसमें गुणवत्ता के साथ समझौता किए बिना अच्छी तकनीक हो और लागत प्रभावी भी हो। सरकार का फोकस लगातार हाईवे नेटवर्क को मजबूत करना है।

मार्च में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण अरुणाचल प्रदेश में सेला सुरंग का उद्घाटन किया था। इस प्रोजेक्ट की लागत 825 करोड़ रुपये थी। यह 13,000 फीट की ऊंचाई पर बनी दुनिया की सबसे लंबी दो लेन की टनल है।

पेरिस पैरालंपिक : तीरंदाजी में हरविंदर ने जीता गोल्ड

पेरिस

टोक्यो 2020 के कांस्य पदक विजेता हरविंदर सिंह ने पुरुषों के व्यक्तिगत रिकर्व ओपन में स्वर्ण पदक जीतकर एक और इतिहास रच दिया। वह पैरालंपिक खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय तीरंदाज बन गए। उन्होंने फाइनल में पोलैंड के लुकास सिसजेक को 6-0 से हराकर यह उपलब्धि हासिल की।

इस उपलब्धि के साथ, हरविंदर पैरालंपिक और ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले और एकमात्र भारतीय तीरंदाज बन गए। वह लगातार दो पैरालंपिक में पदक जीतने वाले पहले और एकमात्र तीरंदाज भी हैं।

भारत ने अब तक पेरिस पैरालंपिक में चार स्वर्ण, आठ रजत और 10 कांस्य पदकों समेत कुल 22 पदक जीते हैं। हरविंदर के स्वर्ण के साथ भारत पदक तालिका में 15वें स्थान पर पहुंच गया है। इससे पहले बुधवार को ही सचिन खिलारी ने देश के लिए रजत पदक जीता था।

हरविंदर ने फाइनल में शानदार प्रदर्शन किया। पहले सेट में 10 और दो 9 के साथ हरविंदर सिंह ने पहला सेट जीत लिया। सिसजेक ने 9, 7 और 8 का स्कोर किया।

2-0 से आगे चल रहे हरविंदर ने दूसरे सेट की शुरुआत लगातार दो नौ के साथ की और फिर 10 का स्कोर किया जबकि सिसजेक ने तीनों प्रयासों में 9 का स्कोर किया।

हरियाणा के कैथल के एक किसान परिवार से आने वाले हरविंदर ने दो 10 और उसके बाद एक नौ (29) के साथ स्वर्ण पदक पक्का किया, जबकि सिसजेक ने सात से शुरुआत की और फिर दो 9 का स्कोर किया।

इससे पहले, हरविंदर ने बुधवार को ही सेमीफाइनल में ईरान के अरब अमेरी मोहम्मद रजा को हराया था।

सिंगापुर की कैपिटालैंड भारत में 2028 तक 90,000 करोड़ रुपए का करेगी निवेश

मुंबई

ग्लोबल रियल एसेट मैनेजर कैपिटालैंड इन्वेस्टमेंट लिमिटेड (सीएलआई) द्वारा कहा गया कि कंपनी भारत में फंड अंडर मैनेजमेंट (एफयूएम) 2028 तक बढ़ाकर 14.8 अरब सिंगापुर डॉलर (भारतीय रुपये में 90,280 करोड़) करेगी, जो कि फिलहाल 7.4 अरब सिंगापुर डॉलर है। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो-दिवसीय यात्रा पर सिंगापुर गए हुए हैं। कंपनी की ओर से जारी किए गए बयान में कहा गया कि सीएलआई ग्लोबल का लक्ष्य 2028 तक 200 अरब सिंगापुर डॉलर का एमयूएम हासिल करना है।

भारत में सिंगापुर के हाई कमिश्नर साइमन वोंग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि यह देखकर अच्छा लगा कि सिंगापुर की कंपनियां भारत में निवेश को दोगुना कर रही हैं।

सीएलआई का भारत में प्रवेश 30 वर्ष पहले इंटरनेशनल टेक पार्क बेंगलुरु (आईटीपीबी) के साथ हुआ था। मौजूदा समय में कंपनी के पास देश में 14 बिजनेस और आईटी पार्क हैं, जो कि 23.5 मिलियन स्क्वायर फीट में फैले हुए हैं। यह बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद, पुणे, मुंबई और गुरुग्राम में हैं। इन पार्क में 2,50,000 लाख से ज्यादा पेशेवर काम करते हैं।

सीएलआई के ग्रुप सीईओ ली.ची. कून ने कहा, भारत दुनिया का सबसे तेजी से बढ़ता हुआ बाजार है। जहां पिछले सात वर्षों में हमारा निवेश तीन गुना हुआ है। भारत की जीडीपी 2024 में 7 प्रतिशत की दर से बढऩे का अनुमान है और अगले पांच वर्षों में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकती है।

फिल्म देवरा का नया गाना दाउदी जारी, जूनियर एनटीआर और जाह्नवी कपूर की खूब जमी जोड़ी

जूनियर एनटीआर और जाह्नवी कपूर एक्शन ड्रामा फिल्म देवरा पार्ट 1 की रिलीज के दिन नजदीक आ रहे हैं. जूनियर एनटीआर के फैंस को फिल्म क देवरा पार्ट 1 का इंतजार बेसब्री से हो रहा है. अभी फिल्म का ट्रेलर भी रिलीज नहीं हुआ है. फिल्म से अभी जूनियर एनटीआर और जाह्नवी कपूर की बस झलक देखने को ही मिली है. वहीं, फिल्म का एक गाना धीरे-धीरे रिलीज हुआ है, जिसे यूट्यूब पर 100 मिलियन से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं. अब फिल्म का एक और गाना दावूदी रिलीज हो गया है. देवरा के मेकर्स ने एलान किया था कि 4 सितंबर को फिल्म का गाना दाउदी रिलीज होने जा रहा है.

सॉन्ग दावूदी को नकाश अजीज, आकाशा और रम्या बेहरा ने गाया है. गाने के बोल रामजोग्या शास्त्री, मुनीर कौसर, और विग्नेश शिवान, वरदराजा चिकन बल्ला पुरा और मनकोंबू गोपालकृष्ण ने लिखे हैं.

आज का राशिफल

मेष: आज का दिन आपके लिए उत्तम है। भाई- बहनों से यदि किसी बात को लेकर अनबन चल रही थी, वह भी दूर होगी। परिवार को समय देने से घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। बच्चों की जरूरतों को पूरा करने की आप कोशिश करेंगे।

वृष: आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। घर परिवार में चल रहे लड़ाई झगड़े को आप किसी बाहरी व्यक्ति के सामने ना आने दें। पिता का आशिर्वाद आप पर बना रहेगा। आज आपके काम करने की क्षमता में बेहतरीन बदलाव होगा।

मिथुन: आज का दिन आपके अनुकूल बना रहेगा। आज परिवार के साथ घर पर मूवी देखने की प्लानिंग करेंगे। सेहत के लिहाज से आप खुद को तंदरुस्त महसूस करेंगे। आज किसी खास काम को लेकर कोशिश कर रहे हैं तो सफलता मिल सकती है।

कर्क: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज कोई बड़ा और अलग काम करने की सोच सकते है। संतान के साथ कुछ विवाद होने की संभावना बन रही है,आप उन्हें समझने की कोशिश करें।

सिंह: आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। संतान पक्ष से कोई खास खुशखबरी मिलेगी, घर में सभी लोग खुश होंगे। विरोधी पक्ष आपके सामने नतमस्तक होगा आपका सोशल नेटवर्क मजबूत बनेगा।

कन्या: आज आपका दिन शानदार रहेगा। परिवार के सामने आपको अपनी राय रखने का पूरा मौका मिलेगा, आपकी योजना से लोग काफी प्रभावित होंगे। आज समय अनुकूल है, लेकिन मेहनत के अच्छे नतीजे हासिल करने के लिए कर्म प्रधान होना पड़ेगा।

तुला: आज आपका दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। आज आपको पुरानी बातों के झंझट में पडऩे से बचना चाहिए। लवमेट एक दूसरे की भावनओ को समझेंगे, कहीं बाहर घूमने का प्लान बनायेंगे। आज दोस्तों के साथ मेल मुलाकात होगी।

वृश्चिक: आज आपका दिन उमंग से भरा रहेगा। मिलजुल कर किये गए कार्यों में आपको बहुत हद तक सफलता मिलेगी। निवेश के मामलें में आपको घर के बड़ो से कोई नई सलाह मिलेगी।

धनु: आज नए कार्यों करने में आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। किसी काम में जीवनसाथी की सलाह फायदेमंद रहेगी। आज आप नई जिम्मेदारी लेने में थोड़ा संकोच करेंगे, आपकी कोशिशों में कुछ न कुछ कमी आ सकती है।

मकर: आज आपका दिन व्यस्तता में बीतेगा। बॉस आपको कोई नयी जिम्मेदारी सौंप सकते हैं जिसे आप पूरी लग्न और मेहनत से करेंगे, काम को लेकर आपकी तारीफ होगी। आपके आय के नए स्रोत बनेंगे, आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा।

कुंभ: आजका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज रोजमर्रा के कामों में आपको ज्यादा समय लग सकता है। आज आपको कारोबार में पैसा लगाने से पहले बड़ो की राय लेना... आपके लिए बेहतर साबित होगी।

मीन: आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज घर के बड़ो की मदद से आपका जरूरी काम पूरा हो जायेगा। किसी रिश्तेदार से आपको कोई अच्छी खुशखबरी मिलेगी। जीवनसाथी आज आपकी हर बात समझने की कोशिश करेंगे।

फरहान अख्तर ने किया भारत-चीन युद्ध पर बेस्ड नई फिल्म 120 बहादुर का ऐलान

एक्टर, डायरेक्टर और प्रोड्यूसर फरहान अख्तर ने अपनी नई फिल्म का एलान किया है. फरहान अख्तर की नई फिल्म एक रियल वॉर बेस्ड फिल्म है, जिसका टाइटल है 120 बहादुर. फरहान अख्तर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर नई फिल्म का एलान करते हुए इसका मोशन पोस्टर भी जारी किया है. फिल्म 120 बहादुर की कहानी क्या है? कौन इस फिल्म को डायरेक्ट करेगा? फिल्म की स्टारकास्ट में कौन-कौन शामिल है आइए जानते हैं.

फरहान अख्तर ने अपनी नई फिल्म का एलान कर लिखा है, जो उन्होंने हासिल किया, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकेगा, मेरे लिए यह एक बड़े ही गौरव और सम्मान की बात है कि मैं आपको आदरणीय परम वीर चक्र से सम्मानित मेजर शैतान सिंह और चार्ली कंपनी, 13 कुमाऊं रेजिमेंट के सैनिकों की कहानी प्रस्तुत कर रहा हूं.

18 नवंबर 1962 को भारत-चीन युद्ध के दौरान लड़ी गई प्रसिद्ध रेजांग ला की लड़ाई, यह हमारे वीर सैनिकों की अद्वितीय वीरता, अदम्य साहस और नि:स्वार्थता की कहानी है, हम अत्यंत आभारी हैं कि इस अद्भुत वीरता

की गाथा को पर्दे पर लाने में हमें भारतीय सेना का समर्थन और पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ.

फिल्म 1962 के भारत-चीन युद्ध को दिखाएगी. बता दें, इस जंग में हमारी हार हुई थी. भारत-चीन युद्ध में चीन के 3 हजार सैनिकों के सामने भारत के 120 बहादुरों सैनिकों ने जमकर लोहा लिया था.

फिल्म 120 बहादुर को रजनीश रजी घई डायरेक्ट करने जा रहे हैं. फिल्म की स्टोरी और स्क्रीनप्ले राजीव जी मेनन ने किया है. फिल्म के डायलॉग लिखने का काम सुमित अरोड़ा ने किया है. फिल्म में अमित त्रिवेदी का म्यूजिक होगा. वहीं, फिल्म के गाने फरहान अख्तर के गीतकार पिता जावेद अख्तर लिखने जा रहे हैं. फिल्म के प्रोड्यूसर रितेश सिधवानी, फरहान अख्तर और अमित चंद्रा हैं. फिल्म की स्टारकास्ट और इसकी रिलीज डे का भी खुलासा नहीं किया गया है.

शब्द सामर्थ्य- 169

बाएं से दाएं

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

ऊपर से नीचे

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 168 का हल

ला	लू	प्र	सा	द	या	द	व	
प		ति			र	क्ष	क	
र	ह	मा	न					आ
वा			मि	थु	न		दा	स
ह	वा	ला	त		सी	ता		पा
	न				ब	क	वा	स
औ	र	त		म		त		
ला		बे	च	ना		व	च	न
द	ह	ला		ना	ग	र		दी

सू-दोकू- 169

		3					7	
9				6		3		8
	7		9		5		6	
						1		9
3		8		7			5	
	1		3		9			7
		2		8		7		
	8				2		4	3
			1					

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.168 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6